# दूरस्थ पाठ्यक्रम परीक्षा – 2019

## विषय : हिन्दी

## एम.ए. (पूर्वार्द्ध)

## प्रथम पत्र : आधुनिक हिन्दी काव्य

**समय : 3.00 घण्टे** **पूर्णांक : 70**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।**

प्र. 1. निम्नांकित में से किन्हीं तीन पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **3x10=30**

(अ) स्थिर राघवेन्द्र को हिला रहा फिर–फिर संशय,
रह–रह उठता जग जीवन में रावण जय–भय,
जो नहीं हुआ आज तक हृदय रिपु–दम्य–श्रान्त,
एक भी, अयुत लक्ष में रहा जो दुराक्रान्त,
कल लड़ने को हो रहा विकल वह बार–बार,
असमर्थ मानता मन उद्यत हो हार–हार।

(ब) शक्ति के विद्युकण, जो व्यस्त
विकल बिखरे हैं, हो निरूपाय,
समन्वय उसका करे समस्त
विजयिनी मानवता हो जाय।

(स) सहसा वीणा झनझना उठी
संगीतकार की आँखों में ठण्डी पिघली ज्वाला–सी झलक गयी–
अवतरित हुआ संगीत
स्वयंभू
जिसमें सोता है अखण्ड
ब्रह्म् का मौन
अशेष प्रमामय।

(द) निज पर शासन फिर अनुशासन
शासन का यह मौलिक मंत्र
अपने शासन से शासित था
स्वयं ऋषभ का जीवन–तंत्र।

प्र. 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **2x10=20**

(अ) राम की शक्ति पूजा का काव्य रूप स्पष्ट कीजिए।

अथवा

'कुरू क्षेत्र' के माध्यम से दिनकर के चिन्तन को स्पष्ट कीजिए।

(ब) असाध्य वीणा कविता का भाव सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए।

अथवा

पाठ्यक्रम में निर्धारित 'ऋषभायण' की विशेषताएँ लिखिए।

प्र. 3. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **3 x 5=15**

(i) 'साकेत' काव्य की किसी एक मौलिकता की सोदाहरण विवेचना कीजिए।

(ii) 'कुरूक्षेत्र' के तृतीय सर्ग का भाव लिखिए।

(iii) राम की शक्ति पूजा में रस योजना पर प्रकाश डालिए।

(iv) लज्जा सर्ग की विशेषताओं की विवेचना कीजिए।

(v) असाध्य वीणा की भाषागत विशेषताएँ बतलाइये।

(vi) जगन्नाथदास 'रत्नाकर' का परिचय दीजिए।

(vii) 'हालावाद' के प्रवर्तक की रचनाओं का परिचय दीजिए।

(viii) भारतेन्दु युगीन काव्य की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।



प्र. 4. निम्नांकित दस प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **10 x ½= 05**

(i) भारतेन्दु युग की प्रमुख विशेषता क्या है?

(ii) द्विवेदी युग की समय सीमा क्या है?

(iii) वर्ष 1943 ई. के किस रचना के प्रकाशन से 'प्रयोगवाद' प्रारम्भ माना जाता है?

(iv) छायावाद के दो प्रमुख कवियों के नाम लिखिए।

(v) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला की दो रचनाओं के नाम लिखिए।

(vi) 'कुरुक्षेत्र' के रचनाकार का नाम लिखिए।

(vii) कुंवर नारायण की दो रचनाओं के नाम लिखिए।

(viii) जगन्नाथदास 'रत्नाकर' की सर्वाधिक लोकप्रिय रचना कौनसी है?

(ix) 'ऋषभायण' महाकाव्य का कौनसा सर्ग आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित है?

(x) नई कविता आंदोलन का प्रारम्भ वर्ष कौन सा है?

♦♦♦

# दूरस्थ पाठ्यक्रम परीक्षा – 2019

## विषय : हिन्दी

## एम.ए. (पूर्वार्द्ध)

## द्वितीय पत्र : गद्य साहित्य

**समय : 3.00 घण्टे** **पूर्णांक : 70**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।**

प्र. 1. निम्नांकित में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए– **3x8=24**

(i) कानून कहता है कि हम–तुम आदमी हैं। हममें आदमियत कहाँ? आदमी वह है, जिसके पास धन है, अख्तियार है, इलम है। हम तो बैल हैं और जुतने के लिए पैदा हुए हैं।

(ii) जिस वस्तु को मनुष्य दे नहीं सकता, उसे ले लेने की स्वधी से बढ़कर दूसरा दंभ नहीं। मैं फल–फूल खाकर अंजलि से जलपान कर तृण–शय्या पर आँख बन्द किए सो रहा हूँ। न मुझसे किसी को डर है और न मुझको डरने का कारण है।

(iii) यह ग्राम प्रान्तर मेरी वास्तविक भूमि है। मैं कई सूत्रों से इस भूमि से जुड़ा हूँ। उन सूत्रों में तुम हो, ये आकाश और ये मेघ हैं, यहाँ की हरियाली है, हरिणों के बच्चे हैं, पशुपालक हैं।......... यहाँ से जाकर मैं अपनी भूमि से उखड़ जाऊँगा।

(iv) ''क्रौंच पक्षी के जोड़े में से एक पक्षी का निषाद द्वारा वध किया गया देख जिस कवि–शिरोमणि का हृदय दुःख से विदीर्ण हो गया, और

जिसके मुख से 'मा–निषाद' इत्यादि सरस्वती सहसा निकल पड़ी, वहीं पर दुःख कातर मुनि रामायण निर्माण करते समय एक नव–परिणीता दुःखिनी वधू को बिल्कुल ही भूल गया।''

**प्र. 2. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **2x10= 20**

(i) विद्यानिवास मिश्र की निबन्ध कला की विशेषताएं बताइए।

(ii) 'वापसी' कहानी की मूल संवेदना पर विचार करते हुए गजाधर बाबू की व्यथा को उद्घाटित कीजिए।

(iii) 'गोदान की मूल समस्या केवल होरी की समस्या नहीं है, भारतीय कृषकों की भी है। कथन की समीक्षा कीजिए।

(iv) हिन्दी कहानी की विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए प्रमुख हिन्दी कहानीकारों का विवेचन कीजिए।

**प्र. 3. लघूत्तरात्मक प्रश्न (कोई चार)** **4x4=16**

(i) 'गोदान' केवल ग्रामीण नहीं नगरीय जीवन का भी चित्र प्रस्तुत करता है

(ii) पठित कहानियों में से किसी एक की विशेषता बताइए।

(iii) 'होली' निबन्ध की विशेषता बताइए।

(iv) कहानीकार जैनेन्द्र की कहानियों की विशेषता बताइए।

(v) आचार्य रामचन्द्र के निबन्धों की विशेषताएं बताइए।

**प्र. 4. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न** **10x1=10**

(i) 'वापसी' कहानी किसकी लिखी हुई है?



(ii) 'भारतीय साहित्य की एकता' का लेखक कौन है?

(iii) धर्मवीर भारती द्वारा लिखित कहानी का नाम बताइए।

(iv) 'मंत्र' कहानी के कहानीकार का नाम बताइए।

(v) 'पथ के साथी' किसकी लिखी हुई है?

(vi) 'होली' के लेखक का नाम बताइये।

(vii) 'सुबेदारनी' किस कहानी की पात्र है?

(viii) कमलेश्वर की कहानी का नाम बताइए।

(ix) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी की कहानियों के नाम बताइए।

(x) दाण्डायन किस रचना का पात्र है?

(xi) कुबेरनाथ राय के निबन्ध का नाम बताइए।

(xii) 'गोदन' में किस नगर की कथा है?

(xiii) 'गोदन' की नायिका का नाम बताइए।

(xiv) क्या आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने 'बाणभट्ट की आत्मकथा' में तद्युगीन जड़िता को तोड़ने का प्रयास किया है।

(xv) मालती के चरित्र की विशेषता बताइए।

♦♦♦

(xiii) उदात्त के कितने तत्त्व हैं, लिखिए।

(xiv) मैथ्यू आर्नल्ड किस युग के आलोचक हैं?

(xv) टी.एस. एलियट की आलोचनात्मक कृतियों के नाम लिखिए।

♦♦♦





# दूरस्थ पाठ्यक्रम परीक्षा – 2019

## विषय : हिन्दी

## एम.ए. (पूर्वार्द्ध)

### तृतीय पत्र : काव्य शास्त्र एवं साहित्यालोचन

**समय : 3.00 घण्टे** **पूर्णांक : 70**

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।

प्र. 1. ''वक्रोक्ति'' के स्वरूप का विवेचन कीजिए। एक सम्प्रदाय के रूप में वक्रोक्ति की परम्परा का विश्लेषण कीजिए। 10

अथवा

ध्वनि काव्य के प्रमुख भेदों का निरूपण कीजिए।

प्र. 2. प्लेटो के काव्य सिद्धान्त की समीक्षा कीजिए। 10

अथवा

मैथ्यू आर्नल्ड की आलोचना दृष्टि का मूल्यांकन कीजिए।

प्र. 3. मनोविश्लेषणवाद के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए। 10

अथवा

चिन्तामणी के काव्यशास्त्रीय चिन्तन पर विचार कीजिए।

प्र. 4. निम्नलिखित पद्यांशों की व्यावहारिक समीक्षा कीजिए– **10**

''चलन–चलन सबको कहत है, ना जानों बैकुंठ कहाँ है
जो जन एक प्रमिति नहीं जाने, बातनि ही बैकुंठ वषानें
जब लगि है बैकुंठ की आसा, तब लग नहीं हरि चरन निवासा
कहें सुनें कैसें पतिअइये, जब लग तहाँ आप नहीं जइये
कहै कबीर यहु कहिये काहि, साध संगति बैकुंठहि आहि।''

अथवा

''शांति नहीं तब तक, जब तक
सुख भाग न नर का सम हो,
नहीं किसी को बहुत अधिक हो,
नहीं किसी को कम हो।
ऐसी शांति राज्य करती है
तन पर नहीं हृदय पर
नर के ऊँचे विश्वासों पर
श्रद्धा, भक्ति, प्रणय पर।

प्र. 5. निम्नांकित प्रश्नों में से किन्हीं पांच प्रश्नों का उत्तर दीजिये– **5 x 3 = 15**

(i) साहित्य–समीक्षा के क्षेत्र में विखण्डन–पद्धति का क्या असर हुआ?

(ii) स्वच्छतावाद क्या है? इसकी कुछ विशेषताएँ बताइये।

(iii) रिचर्डस ने व्यावहारिक आलोचना सिद्धान्त निर्माण के लिए किस प्रविधि का उपयोग किया?

(iv) महाकाव्य, खण्डकाव्य और मुक्तक को परिभाषित कीजिए।



(v) रस क्या है? इसके प्रमुख तत्त्वों की विवेचना कीजिए।

(vi) शब्दालंकार क्या है? कुछ प्रमुख शब्दालंकारों का उल्लेख कीजिए।

(vii) ''रीति'' के विभिन्न प्रकारों का उल्लेख कीजिए।

(viii) लौंजाइनस का उदात्त क्या है? इसके तत्त्वों के नाम लिखिए।

प्र. 6. निम्नलिखित पन्द्रह प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **15 x 1 = 15**

(i) 'काव्यादर्श' किसकी कृति है?

(ii) 'काव्य–प्रयोजन' क्या है?

(iii) संस्कृत काव्यशास्त्र में 'रस सिद्धान्त' के प्रवर्तक कौन हैं?

(iv) उद्दीपन विभाव क्या है?

(v) अलंकार सम्प्रदाय के आदि आचार्य कौन हैं?

(vi) आचार्य मम्मट की अलंकार परिभाषा क्या है?

(vii) 'रीति' काव्य की आत्मा है, यह कथन किसका है?

(viii) वक्रोक्ति को काव्य का जीवन किसने कहा?

(ix) ध्वनि सम्प्रदाय के प्रवर्तक कौन हैं?

(x) आचार्य क्षेमेन्द्र ने औचित्य के कितने भेदों की चर्चा की है?

(xi) पाश्चात्य काव्यशास्त्र के पहले समीक्षक कौन हैं?

(xii) अरस्तू के गुरू कौन थे?

# दूरस्थ पाठ्यक्रम परीक्षा – 2019

## विषय : हिन्दी

## एम.ए. (पूर्वार्द्ध)

## चतुर्थ पत्र : हिन्दी साहित्य का इतिहास

**समय : 3.00 घण्टे** **पूर्णांक : 70**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।**

प्र. 1. निम्नांकित सभी प्रश्नों के उत्तर एक–एक वाक्य में दीजिए। **10 X 1 = 10**

(i) 'भरतेश्वर बाहुबली रास' की रचना किसने की?

(ii) मिश्र बंधुओं ने रीतिकाल को क्या नाम दिया?

(iii) चौदहवीं शताब्दी का कौन सा कवि 'मैथिल कोकिल' के नाम से जाना जाता है?

(iv) आलवार संत किसकी उपासना करते थे?

(v) द्वैताद्वैत मत के सनकादि संप्रदाय के संस्थापक कौन थे?

(vi) सूफी कवि जायसी कृत प्रसिद्ध रचना कौन सी है?

(vii) प्राकृत में 'रावणवहो' के रचयिता कौन थे?

(viii) अष्टछाप कवियों में वल्लभदास के कौन से चार शिष्य थे?

(ix) दो रीतिमुक्त कवियों के नाम लिखिए।

(x) 'रानी केतकी की कहानी' किसकी रचना है?

प्र. 2. निम्नांकित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर (150 शब्दों में) दीजिए । **5 x 4 = 20**

(i) भक्तिकाल के समस्त कवियों की चार सामान्य विशेषताओं का संक्षिप्त विवरण दीजिए।

(ii) जैन कवियों द्वारा संस्कृत–प्राकृत में रचित राम साहित्य व उनके रचनाकारों का संक्षिप्त विवरण दीजिए।

(iii) कृष्ण भक्ति काव्य में उनके रंजक और रक्षक रूपों पर टिप्पणी कीजिए।

(iv) द्विवेदी युग में निबंध साहित्य में क्या विकास हुआ? स्पष्ट करें।

(v) समकालीन कविता का स्वरूप समझाते हुए बताएँ कि इसका प्रारम्भ कब और क्यों हुआ?

(vi) जीवनी और आत्मकथा में सोदाहरण अंतर स्पष्ट करें।

(vii) अकहानी व जनवादी कहानी का इनके प्रमुख कथाकारों के नामोल्लेख के साथ संक्षिप्त परिचय दें।

प्र. 3. निम्नांकित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर (250 शब्दों में) दीजिए। **4 x10 =40**

(i) आधुनिक हिन्दी साहित्य के विकास के मुख्य चरणों व कारणों की विवेचना कीजिए।

(ii) रामकाव्य परम्परा का परिचय देते हुए राम काव्य में लोक मंगल की भावना का विवेचन कीजिए।

(iii) छायावाद की मूल प्रवृत्तियों का वर्णन कीजिए।



(iv) साहित्य में प्रगतिवाद का क्या अर्थ है? प्रगतिशील कविता की प्रमुख प्रवृत्तियाँ लिखिए।

(v) प्रसादोत्तर नाट्य साहित्य का विवरण दीजिए।

(vi) हिन्दी आलोचना की वर्तमान स्थिति का विस्तार से वर्णन करें।

(vii) कहानी, उपन्यास, नाटक व निबंध के अतिरिक्त गद्य की अन्य नव्यतर विद्याओं का सोदाहरण विवरण दीजिए।

♦♦♦

Q. Paper Code : MAHIND105

# दूरस्थ पाठ्यक्रम परीक्षा – 2019

## विषय : हिन्दी

## एम.ए. (पूर्वार्द्ध)

## पंचम पत्र : जैन संस्कृति एवं जीवन मूल्य

समय : 3.00 घण्टे पूर्णांक : 70

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**Note : Attempt all questions.**

**प्र.1. लघूत्तरात्मक प्रश्न / Short answer type question. 10 x 1 = 10**

1. ‘समण’ शब्द के संस्कृत में कौनसे तीन रूपांतरण होते हैं?
   Which are the three sanskrit expressions of the word Saman?

2. दिगम्बर के मुख्य सम्प्रदाय कौनसे हैं?
   Which are the chief sects of Digambara tradition?

3. द्रव्य किसे कहते हैं?
   What is substance?

4. सम्यग् दर्शन किसे कहते हैं?
   What is the meaning of Right Knowledge (Samyagadarshna)?

5. चार शिक्षा व्रतों के नाम लिखें।
   Write the name of four education vows.

6. अस्तिकाय का क्या अर्थ है?
   What is the meaning of 'Astikaya' (Homogeneous continnums)?



कृ.पृ.उ.

7. मनोविज्ञान में मन के तीन स्तर बताइये।
Mention the three stages of mind according to psychology.

8. अहिंसा को परिभाषित कीजिए।
Define the Non-violence?

9. अणुव्रत का क्या अर्थ है?
What do you mean by Anuvrat?

10. लक्ष्य प्राप्ति के चार चरण कौनसे हैं?
Which are the four steps for obtaining aims?

**प्र. 2.किन्हीं पांच पर टिप्पणी लिखिए–**

**Write Short note on Any Five of following- 5 x 5 = 25**

1. कालचक्र की अवधारणा को स्पष्ट करें।
Explain the concept of Time-Cycle

2. जैन साहित्य का वर्णन कीजिए।
Describe the Jain Literature.

3. श्रावक के बारह व्रत पर प्रकाश डालिए।
Focus on twelve vows of Householder (Shravak).

4. जैन दर्शन में अर्थशास्त्र के महत्त्व पर टिप्पणी लिखिए।
Write the importance of economics in Jain Philosophy.

5. जैन दर्शन में शाकाहार पर निबन्ध लिखिए।
Write an essay on vegetarianism in Jain Philosophy.

6. प्रेक्षाध्यान के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।
Throw light on the nature of Preksha Meditation.

प्र. 3. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखें। **3 x 15= 45**

Answer any three of the following questions in detail.

1. सिद्ध करें कि भगवान ऋषभ का जीवन एक समग्र जीवन था।
Prove that Lord Rishab's life was a holistic life.

2. लोकवाद पर एक निबन्ध लिखिए।
Write an essay on universalism (Lokawada).

3. जैन दर्शन में वर्णित पर्यावरण संतुलन के उपायों का विवेचन करें।
Explain in detail the solutions given by Jain Philosophy to combat the problems of environmental imbalance.

4. जीवन विज्ञान के सात अंगों का विवेचन कीजिए।
Explain the seven aspects of Science of Living.

5. समय के महत्त्व को बताते हुए समय प्रबन्धन के सूत्रों की व्याख्या करें।
Explaining the importance of time write the maxims (ways) of Time Management.

♦♦♦

(ix) तुलसीदास के बचपन का नाम क्या था?

(x) 'मसनवी' पद्धति' से आप क्या समझते हैं?

(xi) रामचरित मानस का सबसे अंतिम कांड कौनसा है?

(xii) तुलसी काव्य की सर्वप्रमुख विशेषता क्या है?

(xiii) भूषण ने किसकी प्रशस्ति में काव्य रचा?

(xiv) सेनापति की प्रसिद्ध रचना कौनसी है?

(xv) रसखान का मूल नाम क्या है?

(xvi) खुसरो किसके शिष्य थे?

(xvii) मीरां के काव्य में सर्वप्रथम तत्त्व क्या है?

(xviii) सूरसागर किसकी रचना है?

(xix) दूइज का शब्दार्थ बताइये।

(xx) सुजान कौन थी?

♦♦♦





# दूरस्थ पाठ्यक्रम परीक्षा - 2019

## विषय : हिन्दी

## एम.ए. (उत्तरार्द्ध)

## षष्ठम पत्र : प्राचीन एवं मध्यकालीन काव्य

**समय : 3.00 घण्टे** **पूर्णांक : 80**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।**

प्र. 1. निम्नांकित में से किन्हीं तीन पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **3x8=24**

(i) बहुत दिनन थैं मैं प्रीतम पाये, भाग बड़े घरि बैठे आये।
मंगलाचार माँही मन राखौं, राम रसाँइण रमना चाषौं।
मंदिर माँहि मन राखौं, राम रसाँइण रमना चाषौं।
मंदिर माँहि भयो उजियारा, ले सुतो अपनी पीव पियारा।
मैं रनि राती जे निधि पाई, हमहिं कहाँ यह तुमहि बड़ाई।
कहै कबीर मैं कछु न कीन्हा सखी सुहाग मोही दीन्हा।।

(ii) बरनौं मांग सीस उपराहीं।
सेंदूर अबहि चढ़ा तेहि नहीं।।
बिनु सेंदुर जानहुं दीआ। उजिअर पंथ रैनि मंह किया।।
कंचन रेख कसौटी कसी। जनु घनु मंह दामिनि परगसी।
सुरूज किरिन जस गगन बिसेखी। जमुना मांझ सस्तुती देखी।।
खांडै धार रूहिर जनु भरा। करवत लै बेनी पर धरा।।
तेहि पर पूरि, धरै जो मोती, जमना मांझ गंग कै सोती।।
करवत तपा लेटि होइ चुरू। मकु–सो रूहिर लै देह सेंदूरू।
कनक दुआदस बानी होइ सोहाग वह मांग।
सेवा करहिं नरवत सब उऐ गगन निसि गांग।।

(iii) अँखिया हरि दरसन की भूखी।
कैसे रहें रूपरसराची ये बतियाँ सुनि रूखी,
अवधि गनत इकटक मग जोवत तब एती नहीं झूखी।
अब इन जोग संदेशन ऊधो अति अकुलानी दुखी।
बारक वह मुख फेरि दिखाओ दुहि पै पिवत पतूखी।
सूर सिकत हठि नाव चलायो ये सरिता है सूखी।

(iv) जप तप नियम जोग निज धर्मा। श्रुति सम्भव नाना सुभ कर्मा।।
ग्यान दया दम तीरथ मज्जन। जहँ लहि धर्म कहत श्रुति सज्जन।।
आगम निगम पुरान अनेका। पढ़े सुने कर फल प्रभु एका।।
तव पद पंकज प्रीति निरन्तर। सब साधन कर यह फल सुंदर।।
छूटइ मल कि मलहि के धोएँ। घृत कि पाव कोइ बारि बिलोएँ।।
प्रेम भक्ति जल बिनु रघुराई। अभिअंतर मल कबहुँ न जाई।।
सोइ सर्बग्य तग्य सोइ पंडित। सोइ गुन गृह बिग्यान अखंडित।।
दच्छ सकल लच्छन जुत सोई। जाकें पद सरोज रति होई।।

(v) या अनुरागी चित्त की, गति समुझे नहीं कोई।
ज्यों-ज्यों बूई स्याम रंग, त्यों-त्यों उज्जलु होइ।।
जप-माला, छापै, तिलक, सरै न एकौ कामु।
मन काँचै नाचै बृथा, साँचै राचै राम।।

(vi) नैन जो देखा कंवल भा, निर्मल नीर सरीर।
हंसत जो देखा हंस भा, दसन जाति नग हीर।।
रवि ससि नखत दिपहिं ओहि जोती।
रतन पदारथ मानिक मोती।।

प्र. 2. निम्नांकित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **2 x 10 = 20**

(i) रीतिसिद्ध कवि कौन है? उनका काव्य वैशिष्ट्य स्पष्ट कीजिए।

(ii) कृष्ण भक्ति काव्यधारा में सूर का स्थान और महत्त्व स्पष्ट कीजिए।



(iii) पृथ्वीराज रासो सामन्त युग का प्रतिनिधि महाकाव्य है। इस कथन की समीक्षा कीजिए।

(iv) कबीर को क्रांतिकारी लोक कवि कहा गया है। इस कथन की समीक्षा कीजिए।

(iv) उत्तरकांड में तुलसीदास के ज्ञान और संत-असंत विषयक विचारों की समीक्षा कीजिए।

प्र. 3.निम्नांकित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **4 x 4 = 16**

(i) तुलसी की लोकप्रियता के पाँच कारणों का उल्लेख कीजिए।

(ii) रसखान के काव्य पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए।

(iii) बिहारी के विरह वर्णन की तीन प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(iv) मीरां की काव्य भावना पर संक्षिप्त टिप्पणी करते हुए मूल्यांकन कीजिए।

(v) भ्रमर गीत का मुख्य प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।

(v) पृथ्वीराजरासो इतिहास ग्रन्थ न होकर काव्य ग्रन्थ है इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

प्र. 4.निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **20 x 1 = 20**

(i) हिन्दी साहित्य के 600 वर्षों के इतिहास को कितने कालों में बाँटा गया है?

(ii) अष्टछाप की स्थापना किसने की थी?

(iii) कृष्ण भक्ति के मुस्लिम कवि का नाम लिखिए।

(iv) मोको कहाँ ढूढ़े बन्दे, मैं तो तेरे पास में। उक्त पंक्ति किस कवि की है?

(v) कबीर की रचनाएँ कितने रूप में मिलती हैं?

(vi) 'पद्मावत' कथा का आधार कहाँ से लिया गया है?

(vii) भ्रमरगीत का भ्रमर कौन है? और क्यों?

(viii) 'उद्धव शतक' किसकी रचना है?

# दूरस्थ पाठ्यक्रम परीक्षा – 2019

## विषय : हिन्दी

## एम.ए. (उत्तरार्द्ध)

## सप्तम पत्र : भाषा विज्ञान एवं हिन्दी भाषा

**समय : 3.00 घण्टे** **पूर्णांक : 80**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।**

प्र. 1. भाषा विज्ञान के विभिन्न अंगों पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

हिन्दी के स्वर एवं व्यंजनों का वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिए।

प्र. 2. रूप प्रक्रिया के स्वरूप का विश्लेषण कीजिए। 10

अथवा

अर्थ की अवधारणा स्पष्ट करते हुए शब्द और अर्थ का सम्बन्ध स्पष्ट कीजिए।

प्र. 3. आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं का परिचय दीजिए। 10

अथवा

बिहारी एवं पहाड़ी हिन्दी का भाषा वैज्ञानिक विवरण प्रस्तुत कीजिए।

प्र. 4. हिन्दी के कारक एवं संज्ञा रूपों को उदाहरण सहित समझाइए। 10

अथवा

देवनागरी लिपि के मानकीकरण पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

प्र. 5. निम्नांकित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **5 x 4 = 20**

(i) भाषा विज्ञान के अध्ययन की ऐतिहासिक पद्धति क्या है?

(ii) अन्विताभिधानवाद की व्याख्या कीजिए।

(iii) मान स्वरों का विवरण प्रस्तुत कीजिए।

(iv) देवनागरी लिपि की कमियाँ बताइये।

(v) अन्विति पर टिप्पणी लिखिए।

(vi) अर्थ विस्तार पर टिप्पणी लिखिए।

(vii) शौरसेनी प्राकृत की विशेषताएँ बताइए।

(viii) सम्पर्क भाषा का परिचय दीजिए।

प्र. 6. निम्नलिखित में से किन्हीं बीस प्रश्नों के उत्तर दीजिये– **20 x 1 = 20**

(i) आभ्यंतर प्रयत्न के अनुसार व्यंजनों के कितने भेद होते हैं?

(ii) पाणिनि के व्याकरण ग्रंथ का नाम बताइए।

(iii) 'भाषा यादृच्छिक ध्वनि प्रतीकों की व्यवस्था है'। यह कथन किसका है?

(iv) स्वन विज्ञान के लिए संस्कृत में क्या संज्ञा प्रचलित है?

(v) क्लीक् ध्वनि किसे कहते हैं?

(vi) अन्तस्थ व्यंजन कौन–कौन से हैं?

(vii) हिन्दी में कितने स्वर हैं? उनका नामोल्लेख कीजिए।

(viii) प्लुत ध्वनियां क्या हैं?



(ix) प्राणत्व किसे कहते हैं?

(x) शब्द के सम्बन्ध में स्वीट का क्या मत है?

(xi) पाणिनी ने शब्द के कितने भेद किए हैं?

(xii) 'रूपिम लघुतम उपयुक्त व्याकरणिक अर्थवान रूप है'। यह कथन किसका है?

(xiii) व्याकरण के आधार पर शब्दों के कितने भेद होते हैं?

(xiv) भर्तृहरि ने अनेकार्थ शब्दों के निर्णय के कितने साधन बताये हैं?

(xv) विपर्यय किसे कहते हैं?

(xvi) डॉ. भोलानाथ तिवाड़ी ने अर्थ परिवर्तन की प्रमुख कितनी दिशाएँ मानी हैं?

(xvii) 'भाषा विज्ञान की भूमिका' के लेखक कौन हैं?

(xviii) प्रायः ऋग्वेद का रचनाकाल कब का माना जाता है?

(xix) पैशाची अपभ्रंश से कौन–कौनसी भाषाएं विकसित हुई?

(xx) पश्चिमी हिन्दी में कौन–कौनसी बोलियां आती हैं?

(xxi) 'चंदायन' किस बोली की कृति है?

(xxii) राजस्थान के कोटा व बूँदी में कौनसी बोली प्रचलित है?

(xxiii) संविधान के किस अनुच्छेद में हिन्दी को संघ की राजभाषा माना गया है?

(xxiv) 'पॉज की' का प्रयोग कब किया जाता है

♦♦♦

# दूरस्थ पाठ्यक्रम परीक्षा - 2019

## विषय : हिन्दी

## एम.ए. (उत्तरार्द्ध)

## अष्टम पत्र : लोक साहित्य

**समय : 3.00 घण्टे** **पूर्णांक : 80**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।**

प्र. 1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **3 x 15 = 45**

(i) लोकवार्ता किसे कहते हैं? ''लोकवार्ता'' और ''फोकलोर'' में क्या समानता एवं असमानता है? व्याख्या कीजिए।

(ii) लोक साहित्य के संकलन की महत्ता पर प्रकाश डालिए। लोक साहित्य के संकलन पद्धति पर प्रकाश डालिए।

(iii) लोक नाटक किसे कहते हैं? लोक नाटकों के तत्त्वों पर प्रकाश डालिए।

(iv) राजस्थान के प्रमुख लोक देवताओं का परिचय दीजिए।

प्र. 2. निम्नलिखित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **5 x 4 = 20**

(i) राजस्थान लोक संस्कृति का वैशिष्ट्य बतलाइये।

(ii) राजस्थानी लोक कथाओं की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

(iii) लोक गीत किसे कहते हैं? लोक गीतों का महत्त्व समझाइए।

(iv) लोक संस्कृति एवं आभिजात्य संस्कृति में क्या अन्तर है?

(v) लोक गाथा किसे कहते हैं? लोक गाथाओं का वर्गीकरण कीजिए।

(vi) लोक कथाओं का महत्त्व स्थापित कीजिए।

(vii) लोक वार्ता एवं लोक साहित्य के सम्बन्धों पर प्रकाश डालिए।

प्र. 3. निम्नलिखित में से किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों में दीजिए।

**15 x 1 = 15**

(i) रामनवमी कब और क्यों मनाई जाती है?

(ii) पाबूजी का जन्म कब और कहाँ हुआ?

(iii) राजस्थान में प्रचलित रम्मतों के नाम लिखिए।

(iv) राजस्थान के लोक देवताओं के नाम बताइये।

(v) गणगौर का पूजन कब आरम्भ होता है?

(vi) राजस्थान के अबूझ मुहूर्त कौन–कौन से हैं?

(vii) शीतला माता की आराधना किस रोग से मुक्ति के लिए की जाती है?

(viii) करणी माता का मन्दिर कहाँ स्थित है?

(ix) अजमेर शरीफ का उर्स किस माह में मनाया जाता है?



(x) पाबूजी की फड़ में किस वाद्ययन्त्र का प्रयोग किया जाता है?

(xi) चंग का प्रयोग कब किया जाता है?

(xii) पूंगी वाद्ययन्त्र का प्रयोग किसके द्वारा किया जाता है?

(xiii) गवरी नृत्य किस जाति का नृत्य है?

(xiv) शकुन में सरोदा की क्या भूमिका है?

(xv) दशहरा को दूसरे किस नाम से जाना जाता है?

(xvi) शेर में कितने वर्ण होते हैं?

(xvii) नौटंकी ख्यालों में कौन–कौन से छंद मिलते हैं?

(xviii) लावणी क्या है?

(xix) भांड–भडैती किसे कहा जाता है?

(xx) नोरता क्या है? इसके किसलिए मनाया जाता है?

♦♦♦

Man has been called a tool-making animal, and from his earliest day he has made tools and tried to better them. His supremacy over the other animals. many of was an extension of his hand, or you may call it a third hand. The machine was the extension of the tool. The tool and the machine raised man above the bruite creation . They freed human society from the bondage of nature.

♦♦♦





# दूरस्थ पाठ्यक्रम परीक्षा – 2019

## विषय : हिन्दी

## एम.ए. (उत्तरार्द्ध)

## नवम् पत्र : अनुवाद विज्ञान

**समय : 3.00 घण्टे** **पूर्णांक : 80**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित हैं।**

प्र. 1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के विस्तृत उत्तर दीजिए। **3 x 10= 30**

(i) अनुवाद का अर्थ स्पष्ट करते हुए अनुवाद प्रक्रिया के विभिन्न प्रारूपों पर विस्तृत लेख लिखिए।

(ii) अनुवाद के सन्दर्भ में वाक्य के घटकों का विवेचन कीजिए।

(iii) भाषा प्रयुक्ति से क्या अभिप्राय है? अनुवाद की दृष्टि से भाषिक प्रयुक्तियों का क्या महत्त्व है?

(iv) मशीनी अनुवाद की प्रमुख प्रविधियों पर विस्तृत वर्णन लिखिए।

(v) अनुवाद के महत्त्व पर सारगर्भित लेख लिखिए।

प्र. 2. निम्नलिखित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **5 x 4= 20**

(i) अनुवाद में भाषा के सांस्कृतिक सन्दर्भ का क्या महत्त्व है?

(ii) आचार्य विश्वनाथ ने वाक्य को किस प्रकार परिभाषित किया है? स्पष्ट कीजिए।

(iii) दो भाषाओं के सम्प्रेषण व्यापार के सन्दर्भ में अनुवादक की तीन विशिष्ट भूमिकाओं को रेखाचित्र के माध्यम से समझाइए।

(iv) निम्नलिखित भाषा प्रयुक्तियों के दो–दो उदाहरण दीजिए–

(अ) साहित्यिक प्रयुक्ति (ब) प्रशासनिक प्रयुक्ति

(v) जन संचार माध्यमों से अनुवाद की भूमिका और स्वरूप को स्पष्ट कीजिए।

(vi) अनुवाद में कोश की क्या उपयोगिता है? स्पष्ट कीजिए।

(vii) पुनरीक्षण की प्रक्रिया में कौनसे कार्य शामिल होते हैं?

(viii) अनुवाद की आवश्यकता क्यों पड़ती है? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

(ix) अनुवादक के लिए अपेक्षित प्रमुख विशेषताओं को समझाकर लिखिए।

(x) पाठधर्मी अनुवाद तथा प्रभावधर्मी अनुवाद के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।

प्र. 3. निम्नलिखित में से किन्हीं दस प्रश्नों के अति संक्षेप में उत्तर दीजिए। **10 x 1= 10**

(i) अनुवाद के सन्दर्भ में लक्ष्य भाषा किसे कहते हैं?

(ii) अनुवाद का मुख्य ध्येय क्या है?

(iii) रचना की दृष्टि से वाक्य के कितने प्रकार होते हैं? उल्लेख कीजिए।

(iv) सम्प्रेषण कितने प्रकार का होता है? नाम लिखिए।



(v) संकर शब्द किसे कहते हैं?

(vi) एक भाषिक कोश क्या है? स्पष्ट करें।

(vii) अपभाषा कोश से क्या अभिप्राय है?

(viii) पुनरीक्षण किसे कहते हैं?

(ix) अनुवाद के प्रमुख प्रकारों का नामोल्लेख कीजिए।

(x) 'माध्यम' के आधार पर अनुवाद के कितने भेद हो सकते हैं?

(xi) अंग्रेजी हिन्दी अनुवाद में उपयोगी किन्हीं तीन साधनों का नामोल्लेख कीजिए।

(xii) थिसॉरस' का अनुवाद कार्य में क्या उपयोग है?

(xiii) श्रीवास्तव और गोस्वामी के अनुसार अनुवाद क्या है?

(xiv) भाषा प्रयुक्ति के निर्धारक तीन तत्त्व कौन कौनसे हैं?

(xv) छायानुवाद किसे कहते हैं?

प्र. 4. निम्नलिखित अंग्रेजी अवतरण का हिन्दी भाषा में अनुवाद कीजिए। **20**

The Industrial revolution brought the big machines into the world. It ushered in the machine age or the mehanical age of course there had been machines before, but none had been so big as the new machine.

What is a machine? It is a big tool to help man to do his work.

# दूरस्थ पाठ्यक्रम परीक्षा – 2019

## विषय : हिन्दी

## एम.ए. (उत्तरार्द्ध)

## दशम पत्र : प्रयोजनमूलक हिन्दी

**समय : 3.00 घण्टे** **पूर्णांक : 80**

**निर्देश : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। उनके अंक प्रश्नों के सम्मुख अंकित हैं।**

**आलोचनात्मक प्रश्न** **4 x 10 = 40**

प्र. 1. पारिभाषिक शब्दावली के स्वरूप एवं महत्त्व को स्पष्ट करते हुए इसके सिद्धान्तों पर चर्चा कीजिए।

अथवा

हिन्दी के विभिन्न भाषिक रूपों (सृजनात्मक भाषा, राजभाषा, संचार भाषा, माध्यम भाषा, मातृभाषा) पर विस्तृत टिप्पणी कीजिए।

प्र. 2. समाचार लेखन कला पर प्रकाश डालते हुए सम्पादन के आधारभूत तत्त्वों को व्याख्यायित कीजिए।

अथवा

हिन्दी पत्रकारिता के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए पत्रकारिता के विभिन्न प्रकारों पर प्रकाश डालिए।

प्र. 3. संचार में दृश्य–श्रृव्य माध्यम किसे कहते हैं? जनसंचार माध्यमों की वर्तमान चुनौतियों को व्याख्यायित कीजिए।

अथवा

मौखिक भाषा की प्रकृति स्पष्ट करते हुए समाचार लेखन एवं वाचन पर टिप्पणी कीजिए।

प्र. 4. अनुवाद का स्वरूप स्पष्ट करते हुए अनुवाद की प्रक्रिया एवं प्रविधि पर प्रकाश डालिए।

अथवा

अनुवाद प्रक्रिया के विभिन्न क्षेत्रों को व्याख्यायित कीजिए।

**लघूत्तरात्मक प्रश्न**

प्र. 5. किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **5 x 4 = 20**

(i) सम्पादन कला पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ii) प्रेस विज्ञप्ति से आप क्या समझते हैं? बतलाइए।

(iii) अनुवाद की प्रविधियों पर प्रकाश डालिए।

(iv) डाउनलोडिंग व अपलोडिंग से आप क्या समझते हैं? लिखिए।

(v) शीर्षक की संरचना पर एक टिप्पणी कीजिए।

(vi) संचार साधनों के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(vii) संक्षेपण एवं पल्लवन से आप क्या समझते हैं? लिखिए।

**अति लघूत्तरात्मक प्रश्न**

प्र. 6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **20 x 1 = 20**

(i) संचार भाषा किसे कहते हैं?

(ii) मातृभाषा से क्या तात्पर्य है?

(iii) प्रयोजनमूलक हिन्दी में 'प्रयोजन' शब्द से क्या तात्पर्य है?

(iv) राजभाषा हिन्दी संविधान के कौनसे अनुच्छेद में वर्णित है?



(v) हिन्दी को संवैधानिक रूप से राजभाषा के रूप में कब स्वीकार किया गया?

(vi) इन्टरनेट की कोई एक उपयोगिता बतलाइये।

(vii) TRANSLATION शब्द का हिन्दी रूपान्तरण लिखिए।

(viii) पत्र प्राप्तकर्ता के लिए पत्र भाषा में कौनसा शब्द प्रयोग लिया जाता है?

(ix) टेलीड्रामा किसे कहते हैं?

(x) कम्प्यूटर का कोई एक उपयोग लिखिए।

(xi) पटकथा लेखन किसे कहते हैं?

(xii) दुभाषिया से आप क्या समझते हैं?

(xiii) सम्पादक का कोई एक कार्य बतलाइए।

(xiv) राजस्थान से प्रकाशित कोई एक समाचार पत्र का नाम लिखिए।

(xv) सारा अनुवाद से आप क्या समझते हैं?

(xvi) पृष्ठसज्जा से क्या आशय है?

(xvii) जनसंचार का कोई एक दृश्य–श्रव्य साधन बतलाइए।

(xviii) वेब पब्लिशिंग से क्या आशय है?

(xix) अनुवाद के कोई दो क्षेत्रों के नाम लिखिए।

(xx) पारिभाषिक शब्दावली का कोई एक महत्त्व बतलाइए।

♦♦♦